भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3654
जिसका उत्तर मंगलवार, 16 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

ऑटोमोबाइल बिक्री की मंदी दर

3654. श्री रवनीत सिंह:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को गत दो तिमाही के दौरान ऑटोमोबाइल बिक्री में मंदी दर के बारे में जानकारी है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऑटोमोबाइल विनिर्माण बिक्री में तेजी लाने के संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री अरविंद गणपत सावंत)

(क) से (ख): जी, हां। सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि ऑटो क्षेत्र, जो कि प्रतिवर्ष लगभग 7-8% की दर से वृद्धि कर रहा है, में पिछली दो तिमाहियों में बिक्री की मंदी दर रही है। जनवरी, 2018 से जून, 2018 की अवधि के दौरान 13.39 मिलियन वाहनों (सभी श्रेणी) की बिक्री हुई और जनवरी, 2019 से जून, 2019 की अवधि के दौरान 12.04 मिलियन वाहनों की बिक्री हुई। अतः गत दो तिमाहियों में ऑटोमोबाइल बिक्री की दर में 10.08% की निवल गिरावट दर्ज की गई।

एक नीति निर्माता के रूप में सरकार, जब कभी आवश्यक होता है, ऑटो सेक्टर के व्यापक और सतत विकास के लिए उपायों के एक पैकेज के माध्यम से धीमी पड़ती अर्थव्यवस्था को तेज करने का सदैव प्रयास करती है।

*****